## संक्षिप्त

### जरूरतमंदों व मंदिरों को टेबल फैन बांटे

**झुंझुनूं ।** विप्र फाउंडेशन की स्थानीय जिला इकाई द्वारा समाजसेवा की शृंखला में फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष कमलकांत शर्मा के सौजन्य से उनकी मां स्वर्गीय सुलोचना देवी की स्मृति में शहर के प्राचीन मंदिरों में व जरूरतमंदों को नोतपे की प्रचंड गर्मी को देखते हुए चंचलनाथ टीले के पीठाधीश्वर ओमनाथ महाराज, भाजपा नेता डॉ. राजेश बाबल के आतिथ्य में राणी सती रोड स्थित राधा कृष्ण मंदिर में समारोहपूर्वक आईएसमार्क के ब्रांडेड 15 टेबल फैन वितरण किए गए। इस मौके पर शर्मा ने कहा कि भीषण गर्मी नौतपा को देखते हुए संत के आतिथ्य में किया गया। यह सेवा कार्य बड़ा ही पुनित और सराहनीय है। इससे जरूरतमंद लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी। भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री डॉ. राजेश बाबल ने कहा कि विप्र फाउंडेशन द्वारा इस नौतपा गर्मी में पंखे वितरण कर मंदिर के पुजारी परिवारों व जरूरतमंदों को शीतलता प्रदान करना पुण्य का कार्य है। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन के जिला संगठन महामंत्री रामगोपाल महमिया, जिला महामंत्री रमाकांत पारीक, पूर्व प्रशासनिक अधिकारी वशिष्ठ कुमार शर्मा, पवन पांडे, प्रवीण स्वामी, नरेंद्र शर्मा, सीपी जोशी, चंद्रप्रकाश शुक्ला, अनिल जोशी, सौरभ पुरोहित, अजय शर्मा, एडवोकेट रवि शर्मा, रमेश चौमाल, ओमरतन जोशी, ज्योतिप्रकाश शर्मा, प्रदीप सहल, पंकज टेलर, शिवप्रकाश जोशी, सुनिल शर्मा, कपिल सोनी आदि गणमान्यजन उपस्थित रहे।

### कार्यशाला में सैनी पहुंचे

**झुंझुनूं ।** केंद्र सरकार के सफलतम 11 वर्ष की उपलब्धियों को लेकर भाजपा के प्रदेशव्यापी संकल्प से सिद्धि तक अभियान में भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारी जयपुर में आयोजित कार्यशाला में शामिल हुए। जानकारी देते हुए भाजपा जिला प्रवक्ता कमलकांत शर्मा ने बताया कि भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यशाला में जिलाध्यक्ष के अलावा संकल्प से सिद्धि तक अभियान के जिला संयोजक पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी, जिला सह संयोजक के रूप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्यारेलाल ढूकिया, मुरलीमनोहर शर्मा व इंद्राज सैनी ने भाग लिया। कार्यशाला में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने केन्द्र सरकार के सफलतम 11 वर्ष की उपलब्धियों व जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही राज्य की डबल इंजन सरकार योजनाओं व उपलब्धता के बारे में भी बताया। इस अवसर पर प्रदेश भर से भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

### रतन शर्मा का अभिनंदन

**झुंझुनू ।** ऑल राजस्थान टेंट डीलर्स किराया व्यवसाय समिति के रतन शर्मा को प्रदेश संयुक्त सचिव बनाने पर जिले के टेंट व्यवसायियों ने अभिनंदन किया। अभिनंदन समारोह में शर्मा को फूल माला पहनाई व साफा बाधा और दुपट्टा ओढ़ाया मिठाई खिलाई। इस दौरान कार्यकारिणी सदस्यों में महिपाल तोगड़ा, जयसिंह पायल, राधेश्याम सैनी, प्यारेलाल, राकेश जांगिड़, विकास कुमार, संजय सैनी, सुनिल, हरिश शर्मा, लक्ष्मीकांत सहित काफी टेंट व्यवसायी उपस्थित रहे।

### मौसम का बदला मिजाज

**कोलसिया ।** क्षेत्र में सोमवार को मौसम के कई रंग देखने को मिले। जहां सुबह सूरज की तेज तपिश ने तपाया। वहीं दोपहर को बादलों में धूप छांव का दौर चला। अपराह्न करीब साढ़े तीन बजे आसमान में अचानक काली घटाएं छाने लगी। कुछ देर बाद ही हल्की बरसात हुई। बरसात से लोगों को गर्मी से राहत मिली। कोलसिया समेत आस-पास के गांवों में भी हल्की बरसात हुई।

### जेईई एडवांस में भव्य मोदी ने लहराया सफलता का परचम

**लक्ष्मणगढ शेखावाटी ।** समाजसेवी व्यवसायी संतोष कुमार मोदी व सेवानिवृत्त जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रतन मोदी के पोते एवं शिक्षक सुरेंद्र मोदी के सुपुत्र भव्य मोदी ने जेईई एडवांस में सफलता का परचम लहराते हुए आल इंडिया स्तर पर 610वीं रैंक हासिल कर परिवार, समाज व नगर का नाम रोशन किया है। भव्य ने अपनी सफलता का श्रेय परिजनों व गुरूजनों को दिया है।

# योजनाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए कलेक्टर ने अधिकारियों की बैठक ली

**सीकर ।** जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में केन्द्र एवं राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों की बैठक ली।

जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बैठक में कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं,कार्यक्रमों के तहत आवंटित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति करने के साथ ही लोगों को लाभान्वित किया जाये। उन्होंने खाद्य व नागरिक आपूर्ति विभाग को निर्देश दिए कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में पात्र गरीब व्यक्तियों को खाद्यन मिले। उन्होंने गिव अप अभियान की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि सीकर जिला राज्य में द्वितीय से प्रथम स्थान पर आये, इसके लिए सक्रिय प्रयास किये जाये। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति करवाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि गरीबों के कल्याण के लिए बनी आवास योजना का सीधा लाभ गरीबों तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित जो प्रकारण पोर्टल पर दर्ज है उनका उचित समाधान किया जाये।

बैठक में मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान के द्वितीय चरण के अन्तर्गत जिले में कार्यों के लिए चयनित ठााम पंचायतों, प्रस्तावित कार्यों व स्वीकृत परियोजनाओं के संबंध में विभागीय अधिकारियों से चर्चा की गई। उन्होंने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियन्ता को मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान 2.0 में वाटर होर्वेस्टिंग के आवंटित लक्ष्यों में सात दिवस में प्रगति बढ़ाने तथा जल जीवन मिशन में 1185 में से 843 कार्यों के कार्यादेश जारी हो चुके है जिनके कार्य शुरू करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन शहरी में आवश्यकतानुसार ब्ल्यू, पिंक शौचालयों का निर्माण कामर्स कॉलेज, सार्वजनिक स्थानों पर करवाने के निर्देश दिए ताकि लोगों को सुविधाओं का लाभ मिल सके।

जिला कलेक्टर शर्मा ने प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हैल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन योजना पर चर्चा करते हुए जिले में 7 आयुष्मान आरोग्य मंदिर खोलने के लिए भूमि चिन्हित करने, दानदाताओं से भवन लेने के साथ ही, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिये कि लू से किसी भी व्यक्ति की मृत्यु नहीं हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाये। उन्होंने सार्वजनिक निमार्ण विभाग को नेछवा, नानी बीड के पास जल भराव की समस्या का समाधान करने एवं नगर परिषद को महात्मा ज्योतिबा फूले महिला महाविद्यालय के पास जल भराव की समस्या का निराकरण करने व सार्वजनिक निर्माण विभाग को क्षितठास्त सड़क को ठीक करने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला अधिकारिता विभाग की लाडो प्रोत्साहन योजना, कृषि-उद्यानिकी विभाग की प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के संबंध में विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे लोगों को भी मिलना चाहिए। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने विश्व पर्यावरण दिवस पर सभी अधिकारी, कार्मिकों को अभियान को मिशन मोड पर लेकर सफल बनाने के लिए अधिकाधिक संख्या में गुलर, नीम बैर, जामुन, बरगद, पीपल के पौधे लगाने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने विद्युत विभाग, बीएसएनएल विभाग, पीएचईडी को निर्देश दिए कि कनेक्शन के लिए खोदे गए गढ्डे को खुला नहीं छोडे, खुदे हुए गढ्डे को शीघ्र भरवाना सुनिश्चित करें ताकि कोई दुर्घटना नहीं हो सके।

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजपाल यादव ने 5 जून से 20 जून तक आयोजित जल संठाहण एवं जल संरक्षण अभियान, वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान, हरियालो राजस्थान,कर्म भूमि से मातृ भूमि अभियान के अन्तर्गत जल संरचनाओं के लोकार्पण एवं उद्घाटन के संबंध में विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए।अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने 11वें अन्तराष्ट्रीय योग दिवस बनाने के संबंध मेंवन, खेल, नगर परिषद, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, आयुर्वेद, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित संबंधित विभागों को दिशा-निर्देश दिए। अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर भावना शर्मा ने लाइट्स पोर्टल पर समयबद्ध अपडेट व विभिन्न आयोगों से संबंधित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण पर जोर दिया।

### ताराचंद का निशुल्क घुटना प्रत्यारोपण

**झुंझुनूं ।** मंडावा रोड स्थित ढूकिया हॉस्पिटल में चिड़ावा के ताराचंद का आरजीएचएस योजना के तहत निशुल्क घुटना प्रत्यारोपण हुआ। ताराचंद पुत्र मोतीराम निवासी बुडानिया तहसील चिड़ावा पिछले कई वर्षों से घुटनों के दर्द से परेशान थे। दर्द की परेशानी इतनी थी कि वो चलने में भी असमर्थ थे। उन्होंने कई जगह दिखाया तो उनको बताया गया कि घुटने बदलवाने पड़ेंगे। ताराचंद को नजदीक के रिश्तेदार से पता चला कि ढूकिया हॉस्पिटल में घुटनों के सफल ऑपरेशन किए जाते है। तब ढूकिया हॉस्पिटल झुंझुनूं में हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ. महेंद्र को दिखाने पर उन्होंने बताया कि घुटने बदलवाने पड़ेंगे। डॉ. महेंद्र द्वारा ताराचंद का सफल घुटना प्रत्यारोपण व ऑपरेशन किया गया। जिसके 24 घंटे के भीतर ही ताराचंद धीरे-धीरे चलने लगे एवं स्वस्थ है व उनको को छुट्टी दे दी गई है। ताराचंद ने उनके सफल घुटना प्रत्यारोपण के लिए डॉक्टर एवं हॉस्पिटल को धन्यवाद दिया। डॉ. मोनिका ढूकिया ने बताया कि अस्पताल में एक ही छत के नीचे न्यूरो एवं स्पाइन रोग, गुर्दा व मूत्र रोग रोग, घुटना कूल्हा ट्रांसप्लाट व हड्डी जोड़ सर्जरी व ट्रोमा, अस्थमा रोग, सर्जरी विशेषज्ञ की नियमित सेवाएं उपलब्ध है।

## सारी पीएचसी का शिलान्यास

**झुंझुनूं ।** ग्राम पंचायत सारी में सोमवार को पीएचसी का शिलान्यास किया गया। ठेकेदार जगदीश बलौदा ने बताया कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सारी खेल मैदान पर सोमवार को शिलान्यास कार्यक्रम हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भांबू थे। जबकि अध्यक्षता राष्ट्रीय परिषद सदस्य भाजपा विश्वंभर पूनियां ने की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर, बीसीएमओ चिड़ावा डॉ. तेजपाल कटेवा, सुलताना भाजपा मंडल अध्यक्ष राजकुमार जांगिड़, पूर्व मंडल अध्यक्ष बलजीत शर्मा, आशुसिंह शेखावत, किशोरपुरा के पूर्व सरपंच प्रतापसिंह झाझड़िया, हरेंद्र धनकड़ किठाना, नरेंद्रसिंह सोहू, समाजसेवी कृष्ण गावड़िया, मुकेश पातुसरी, संदीप डारा, प्राचार्य सरोज, राजेश सोमरा, अशोक गोयल सुलताना, सुलताना थानाधिकारी रविंद्र सैन, सुरेंद्र भांबू, राजकुमार मूंड विशिष्ट अतिथि रहे। अतिथियों का स्वागत भाषण भाजपा जिला महामंत्री एडवोकेट सरजीत चौधरी द्वारा दिया गया। इससे पहले महेश शर्मा, जगदीश बलौदा, हरिसिंह पचार, कुलदीप पचार व प्रमोद शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में विधायक भांबू ने पंचायत में हर संभव विकास कार्य करवाने की प्रतिबद्धता जताई और पंचायत में दो नए ट्यूबवैल स्वीकृत करवाएं। साथ ही सड़क, टंकी, स्कूल छत मरम्मत करवाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में सैंकडों महिलाओं सहित अनेक गांवों के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन शारीरिक शिक्षक जयपाल सिंह ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में कैलाश, शिवप्रसाद शर्मा, महिपाल जांगिड़, जगदीश मीणा, आशाराम बराला, अमीलाल कुमावत, मनोज पचार, विक्रम पचार, राजेंद्र बराला, महेंद्र फौजी सहित सैंकड़ों लोग शामिल हुए।आपको बता दें कि एक करोड़ 43 लाख रूपए की लागत से बनने वाले इस भवन में मॉड्यूलर लेबर रूम, पैथोलाजी लैब, दवा वितरण केंद्र, रजिस्ट्रेशन रूम, वेलनेस रूम, फोर बेडेड वार्ड, ओपीडी, वेटिंग एरिया, डॉक्टर्स क्वार्टर का निर्माण किया जाएगा।

### वेतन नहीं मिला तो हड़ताल

**सीकर ।** पिछले 4 माह से वेतन नही मिलने से जलदाय विभाग के पम्प चालको को आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ।पम्प चालक बाबूलाल जांगिड़ एवम मोहित दानोदिया ने बताया कि पिछले साल अक्टूबर नवम्बर से वेतन सबंधी अनियमितता से पम्प चालको की आर्थिक समस्या से जूझना पड रहा है । फरवरी 2025 में पम्प चालको ने हड़ताल पर जाने का निर्णय किया तब जाकर बकाया वेतन मिला था उसके बाद वेतन नही मिला ।

पम्प चालकों ने जन स्वास्थ्य अभी.विभाग, खण्ड सीकर के अधीक्षण अभियंता से मिलकर अपनी पीड़ा बताते हुए कम्पनी से बकाया 4 माह का वेतन दिलवाने एवं वेतन नियमित रूप से जारी रखने हेतु कम्पनी को पाबन्ध करने का आठाह करते हुए ज्ञापन दिया।

पम्प चालको ने कहा कि अगर 10 जून तक तक बकाया वेतन नही मिला तो सभी पम्प चालक हड़ताल पर चले जायेंगे जिससे पेयजल सप्लाई बाधित होगी तो उसके लिए समस्त जिम्मेदारी कम्पनी और विभाग के अधिकारियोंकीहोगी।

## बोर्ड परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 551 प्रतिभाओं को सम्मानित किया

**रतनगढ़( निसं )** क्षेत्र की सुप्रसिद्ध शिक्षण संस्थान केपीएस स्कूल द्वारा माध्यमिक शिक्षा बोर्ड मे ऐतिहासिक परीक्षा परिणाम के उपलक्ष मे प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी रामकुमार वर्मा, विशिष्ट अतिथि उमेश जाखड, थानाधिकारी दिलीप सिंह, सुंदरलाल धुंधवाल समाजसेवी ,सुगनचंद कटेंवा,पायली सरपंच राजेंद्र सिंह, भुवनेश्वर, गोपी प्रजापत, पायली,जसवंत सिंह, पवन सेवदा, हरिप्रसाद तिवाड़ी , विक्रम सिंह , सुल्तान जी भींचर, किशोर बिजारणियां प्रदीप धर्ड मनोज जोशी मुकन्दाराम नेहरा ओम राहड़ शंकर मामू समारोह मे कक्षा 5,8,10 व 12 के प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। जिसमें ममता प्रजापत ने विज्ञान संकाय में 97.20 अंक प्राप्त किए तथा तथा कला संकाय में कृष्णा पड़गड़ तथा कृषि संकाय में तनिषा शेखावत ने रतनगढ़ तहसील में टॉप रही कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया गया। संस्था चेयरमैन सहीराम गोदारा, निदेशक ओमप्रकाश गोदारा, प्रबंधक निदेशक विजय कुमार गोदारा, प्रधानाचार्य रेवन्तराम व महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. यशवीर दहिया और परिसर प्रशासक नरेश शर्मा , कॉर्डिनेटर रामनिवास धायल , सुखदेवसिंह द्वारा टॉपर विद्यार्थियों को माल्यार्पण कर, चैक,साफा व मैडल पहनाकर सम्मानित किया गया। समारोह में कक्षा 10 वीं और 12 वीं मे 80 प्रतिशत से अधिक अंक व कक्षा 5 वीं 8 वीं में ठोड प्राप्त करने वाले 551 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। विद्यार्थियों के साथ विद्यालय के अध्यापकों को भी सम्मानित किया गया व बधाई दी गयी। विरेन्द्र सिंह व केलाश सांखला द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया।

## विकसित भारत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा विकसित मेवाड़ : सांसद डॉ. रावत

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद डॉ मन्ना लाल रावत ने कहा कि सशक्तए समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत निर्माण को लेकर प्रधानमंत्री के विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की पूर्ति में मेवाड़ क्षेत्र अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

लोकसभा सांसद के तौर पर अपने कार्यकाल के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में सोमवार को यहाँ आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान उन्होने यह बात कही। उन्होने कहा कि विकसित भारत में मेवाड़ की भूमिका के बारे में एक व्यापक संवाद का कार्यक्रम 8 जून को रखा गया है। विकसित भारत 2047 एक ऐसा लक्ष्य है जहां प्रत्येक नागरिक को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, पानी और सम्मानपूर्वक जीने का अधिकार प्राप्त होगा। इन अधिकारों की प्राप्ति में मेवाड़ क्षेत्र की भूमिका अहम होगी। विकसित भारत 2047 के लिए विकसित मेवाड़ 2047 की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए सांसद डॉ रावत ने कहा कि मेवाड़ अपनी गौरवशाली संस्कृति, शौर्य और इतिहास के लिए विश्वप्रसिद्ध है। क्षेत्र की खनिज, होटल, कृषि, वन और हस्तशिल्प के क्षेत्र में दुनियाभर में पहचान है। यहां की अर्थव्यवस्था तीन टी अर्थात टूरिस्ट,ट्राइबल व ट्रांसपोर्ट पर आधारित है। इसमें तीन टी अर्थात टेक्नोलॉजी,ट्रेड व ट्रेनिंग को जोड़ने की आवश्यकता है। ऐसा करके हम प्रधानमंत्री के विजन ष्विरासत भी विकास भीष् के साथ लक्ष्य की ओर आगे बढ़ सकते हैं। महाराणा प्रताप के जुड़े ऐतिहासिक स्थलों के विकास को गति देने की बात कहते हुए डॉ रावत ने कहा कि मेवाड़ की ऐतिहासिक धरोहर विश्वभर से पर्यटकों को खींचती है,ऐसे में यह स्थल विरासत के संरक्षण के साथ ही यह आर्थिक दृष्टि से भी मील का पत्थर साबित हो सकते हैं। सौर ऊर्जा की व्यापक संभावना व्यक्त करते हुए उन्होने कहा कि क्षेत्र में वर्ष में लगभग तीन सौ दिन सूर्य की रोशनी उपलब्ध रहती है जिसे उपयोग में लाया जाना चाहिए। कृषि में रूपान्तरण के संबंध में चर्चा करते हुए डॉ रावत ने कहा कि क्षेत्र में बहुतायत से पाये जाने वाले सीताफल की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए टिश्यू कल्चर पर कार्य करने के लिए आईसीएआर ;भारतीय कृषि अनुसंधान परिषदद्ध से चर्चा हुई है। दक्षिण भारत से उदयपुर से सीधे रेल सम्पर्क के बारे में बताते हुए उन्होने कहा कि शीघ्र ही उदयपुर को ऐसी ट्रेनों की सौगात मिलेगी जो उदयपुर को सीधे दक्षिण भारत के बड़े नगरों से जोड़ देगी। इससे यहां के व्यापारए उद्योग एवं सेवा क्षेत्र में तेजी से विकास होगा।प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों ने विलेज टूरिज्म, स्मार्ट सिटी के कार्यो, अंदरूनी शहर में पानी की सप्लाई आदि विषयों पर सवाल किए और समस्याओं के समाधान को लेकर अपने सुझाव भी रखे।

## आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को मोबाइल फोन बांटे

**उदयपुर, (कासं)।** आंगनवाड़ी केंद्रों पर दी जाने वाली सेवाओं के प्रभावी मोनिटरिंग के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं महिला पर्यवेक्षकों को मोबाइल फोन वितरित का शुभारंभ जिला कलक्टर नमित मेहता एवं उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास एनएल मेघवाल ने किया।

इस अवसर पर मेघवाल ने बताया कि पोषण ट्रेकर एप की प्रभावी मोनिटरिंग के लिए जिले में 2477 मोबाइल फोन आँगनवाडी कार्यकर्ताओं एवं महिला पर्यवेक्षकों को वितरण किये जाएंगे। आँगनवाडी केंन्द्रों पर दी जाने वाली सेवाएं यथा पूरक पोषाहार, प्रारंभिक बाल्यावस्था देखरेख एवं शाला पूर्व शिक्षा, पोषण एवं स्वास्थ्य शिक्षा, देखरेख, वृद्धि निगरानी, स्वास्थ्य जाँच, टीकाकरण आदि की प्रभावी मोनिटरिंग इन स्मार्ट फोन के माध्यम से की जायेगी। आंगनबाडी केन्द्रों के लाभार्थी जो कि गर्भवती/धात्री माताएं, 6 माह से 6 वर्ष के बालक जिनको पोषाहार और प्री स्कूल शिक्षा आंगनबाडी केन्द्रों पर प्रदान की जाएगी। उक्त सभी सेवाओं की मोनिटरिंग पोषण ट्रेकर एप्प के माध्यम से ऑनलाइन की जाएगी। जिले में वर्तमान में 2368 आंगनवाडी केन्द्र संचालित हैं तथा 13 बाल विकास परियोजनाएं हैं तथा जिले में लाभार्थी 6 माह से 6 वर्ष के 129526 बालक तथा गर्भवती/ धात्री माताएं 21495 हैं। स्मार्टफोन के माध्यम से गर्भवती/धात्री महिलाओं को षत प्रतिषत पोशाहार वितरण कर डाटा एण्ट्री 6 माह से 3 साल तक बच्चों को पोशाहार वितरण, वृद्धि निगरानी पर मोनिटरिंग, अतिकुपोषित बच्चों की मोनिटरिंग, कुपोषित बच्चों की मोनिटरिंग,आधारभूत संरचना अन्तर्गत शौचालय एवं पेयजल सुविधाओं की मोनिटरिंग की जाएगी।

## विकसित राजस्थान बनाने के लिए प्रतिबद्ध भाजपा सरकार : बैरवा

**रतनगढ़( निसं )बीकानेर** जाते समय उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा अल्प प्रवास पर रतनगढ़ रुके । भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष महेश सैनी के नेतृत्व में स्वागत अभिनंदन कार्यक्रम रखा गया । उपमुख्यमंत्री का साफा, सॉल और पार्टी के दुपट्टे पहनाकर सभी कार्यकर्ताओं द्वारा अभिनंदन किया गया। उपमुख्यमंत्री ने सभी कार्यकर्ताओं से व्यक्तिगत परिचय किया। प्रेमचन्द बैरवा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार विकसित राजस्थान के संकल्प को लेकर आगे बढ़ रही है। डबल इंजन की सरकार प्रधानमंत्री जी के विजन पर काम कर रही है। प्रदेश की 8 करोड़ जनता ने जो हम पर भरोसा जताया है, हम उसे पर खरे उतरेंगे यह आमजन की सरकार है। उनके साथ पधारे बीकानेर देहात भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम पंचारिया का भी साफा सॉल और दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर शहर मंडल अध्यक्ष महेश सैनी, विधानसभा संयोजक अर्जुन सिंह फ्रांसा, जिप सदस्य संतोष तालणियाँ, वरिष्ठ भाजपा नेता एडवोकेट बजरंग गुर्जर, दीनदयाल पारीक, हरिप्रसाद दायमा, ओम महर्षि, जगजीत सिंह, राजकुमार महर्षि, किशनलाल घोड़ेला, सलीम खान, हनीफ खत्री, प्रदीप सैनी, निखिल,नरेंद्र इंदौरिया, राजेंद्र हर्षवाल, स्वरूप सिंह सेहला, बलवीर स्वामी, सुनील कम्मा,सुनील,सुशील शर्मा सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे । संचालन अरूण शर्मा ने किया।

सीकर के फतेहपुर सदर थाना इलाके में एडवांस किराया लेकर माल डिलीवर नहीं करने और ट्रांसपोर्ट संचालक का माल हड़पने का मामला सामने आया है। ट्रांसपोर्ट संचालक ने ट्रकों के मालिक के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है।

सीकर के फतेहपुर सदर थाने में हिरणा निवासी गजेंद्र सिंह ने रिपोर्ट देकर बताया कि उनकी गुजरात के मोरवी में श्रद्धा रोड कैरियर नाम से ट्रांसपोर्ट है। उन्होंने 20 मार्च को, 27 मार्च को और 6 अप्रैल को तीन अलग-अलग ट्रक अपनी ट्रांसपोर्ट से टाइल्स के भरे हुए इंफाल मणिपुर के लिए रवाना किया। इन तीनों ट्रक का मालिक जयपुर के कालवाड़ रोड इलाके का रहने वाला शंभूदयाल पारीक है।

ट्रांसपोर्ट संचालक गजेंद्रसिंह ने इंफाल तक जाने का किराया 8.25 लाख रुपए एडवांस शंभूदयाल के अकाउंट में ट्रांसफर कर दिए। ट्रक मालिक शंभूदयाल, उसका भाई रामजी पारीक और ड्राइवर ट्रक में थे। ट्रक के मोरवी से रवाना होने के बाद ट्रक मालिक शंभूदयाल और उसका भाई रामजी पारीक ट्रांसपोर्ट संचालक गजेंद्रसिंह को झूठी लोकेशन देते रहे।

अब तक कई दिन बीत चुके हैं लेकिन माल आज तक इंफाल नहीं पहुंचा। इस बात की जानकारी इंफाल से फोन आने पर गजेंद्र सिंह को हुई। गजेंद्र सिंह के मुताबिक एडवांस किराया लेकर भी शंभूदयाल ने माल इंफाल नहीं पहुंचाया। साथ ही ट्रक में लोड माल भी हड़प लिया। फिलहाल फतेहपुर सदर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। इन्वेस्टिगेशन सोहनलाल जाट कर रहे हैं।

लायंस क्लब सीकर कल्याण धणी की आगामी लायन वर्ष हेतु नवीन कार्यकारिणी का चुनाव आज क्लब की साधारण सभा की बैठक में किया गया । नवीन कार्यकारिणी में लायन सीए उदेश घासोलिया को अध्यक्ष, अरविंद माथुर को सचिव, मनोज लुहारिया को कोषाध्यक्ष, विजय कुमावत को मैंबरशिप ठाोथ चैयरमेन चुना गया ।

इसके अलावा लायन डा. अजय मिश्रा को प्रथम उपाध्यक्ष, लायन एड. अंगद तिवाड़ी को द्वितीय उपाध्यक्ष, अनुराग खटोड़ को सह सचिव, लायन विजय शर्मा को सह कोषाध्यक्ष, हेमा प्रधान को टेल ट्विस्टर, सरोज शर्मा को टेमर, रेणु वर्मा को सेवा सप्ताह संयोजक चुना गया।

निवर्तमान अध्यक्ष संतोष शर्मा को मार्केटिंग चैयरमेन एवं क्लब संस्थापक नरेश प्रधान को क्लब प्रशासक चुना गया।

क्लब प्रशासक लायन नरेश प्रधान ने बताया कि बैठक में आगामी सेवा कार्यो पर भी चर्चा की गई ।

बैठक में सर्वसम्मति से नवीन कार्यकारिणी का चुनाव किया । सभी सदस्यों ने माल्यार्पण कर नई कार्यकारिणी को बधाई दी ।

### फंदे पर लटका मिला महिला का शव

**डूंगरपुर, (निसं)।** सदर थाना क्षेत्र के भाटपुर गांव में एक महिला अपने घर में फंदे पर लटकी मिली। महिला के कपडे भी खून से लथपथ मिले। जबकि पति और बच्चे घर के बाहर ही सोए थे। पीहर पक्ष ने 7 बच्चों की मां की मौत पर शक जताते हुए जांच की मांग रखी है। सदर थाना एएसआई ने बताया कि भाटपुर निवासी रमिला पत्नी रमेश कटारा का शव घर में ही फंदे पर लटका हुआ मिला। रविवार रात को खाना खाने के बाद रमिला नए घर में सो गई। जबकि पति रमेश पास ही पुराने घर के बाहर आंगन में सोया था। वहींए दोनों के 7 बच्चे नए घर के बाहर सोए थे। रात करीब 3 बजे पति उठा और घर का दरवाजा खटखटाया तो पत्नी नहीं उठी। जिस पर उसने घर में देखा तो पत्नी फंदे पर लटकी हुई थी। घटना के बाद सनसनी फैल गई और लोग इकट्ठे हो गए। सूचना पर सदर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। घटना की सूचना पर डेडको का बेला गांव से रमिला के पीहर पक्ष से लोग मौके पर पहुंचे। घटना स्थल और महिला के कपडों पर लगे खून को देखकर मौत पर शक जताया। पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतार कर डूंगरपुर श्रीहरिदेव जोशी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के मोर्चरी में रखवाया।

## सार-समाचार

### आईआईटी-जेईई में एसीआई का शानदार प्रदर्शन

**झुंझुनूं, ।** जिला मुख्यालय स्थित एसीआई सस्थान का इस वर्ष भी आईआईटी-जेईई एडवांस परीक्षा 2025 का परिणाम शानदार रहा। आईआईटी-जेईई एडवांस परीक्षा में सम्मिलित एसीआई फाउंडेशन स्ट्रीम के विद्यार्थियों में से दीपक कुमार पुत्र प्रदीप कुमार ने ऑल इंडिया रैंक 3061 और साथ ही गिरिराज सिंह पुत्र यावन सिंह ने ऑल इंडिया रैंक 5653 प्राप्त कर आईआईटी कॉलेज में अपना प्रवेश सुनिश्चित किया। संस्था निदेशक विकास शर्मा ने बताया कि इस वर्ष आईआईटी मैन्स में संस्था के आठ विद्यार्थियों ने मैंस क्लीयर किया था। सफल विद्यार्थियों ने अपनी सफलता को श्रेय एसीआई फाउंडेशन फैकलिटी प्रबंधन गंभीर डाउट सेशन एवं टॉपिक वाईज पुनरावृत्ति एवं विषयवार फैकलिटी की उत्तम व्यवस्था को दिया। वहीं अपने अनुजों के लिए कहा कि कॉन्फिडेन्ट रहिए। गलतियों को मत दोहराइए, जब तक डाउट्स क्लियर न हो टॉपिक आगे न बढाए और मोबाइल से यथा संभव दूर रहे आपको सफलता अवश्य मिलेगी। विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों का संस्थान द्वारा माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर संस्था निदेशक मनोज शर्मा व विकास शर्मा ने जेईई एडवांस में सफल विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को बधाईयां प्रेषित की एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर फाउंडेशन हैड विजय सैनी, सुनिल कुमार, दिनेश वर्मा, अशोक जांगिड़, राधेश्याम शर्मा, धर्मेंद्र नागर, हिमांशु शर्मा, दिव्या रोहिला, जयप्रकाश शर्मा, महेंद्र सिंह, राकेश, दिनेश आचार्य, संदीप झाझड़िया, सरिता कुमारी, पूनम जांगिड़, दिवेंक शर्मा, नरेश कुमार, आशा शर्मा, प्रियंका शर्मा, सरोज, निशा शर्मा, सुमन चौहान, वैशाली, ऐश्वर्या स्वामी, ऋतिका बहुगुणा, पूनम शर्मा, मोहम्मद बिलाल, हेमंत जांगिड़, शिवकुमार पालीवाल, रमेश मील उपस्थित थे।

### पर्यावरण सप्ताह के दौरान पोस्टर एवं पर्यावरण टैटू बने

**सीकर ।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड एवं पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के संयुक्त तत्वावधान पर्यावरण शिक्षा कार्यक्रम के तहत आयोजित पर्यावरण सप्ताह के दूसरे दिवस संभागियों के द्वारा मानसी माथुर के नेतृत्व में पर्यावरण बचाओं पर पोस्टर बनाए गए, जिसमें खुशी सैनी प्रथम, प्रिंस सैनी द्वितीय एवं खुशी महरिया तृतीय स्थान पर रहे। मेहंदी के माध्यम से कृष्णा नायक के नेतृत्व में पर्यावरण से संबंधित टैटू बनाए गए, जिसमें कोमल प्रथम ,भावना नायक द्वितीय, गरिमा ढाका तृतीय स्थान पर रहे। साप्ताहिक कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण के लिए कागज के थैले बनाना, कपड़े के थैले बनाना, प्रोजेक्ट एवं मॉडल तैयार करके पर्यावरण से संबंधित नारा लेखन करना, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से शिविर एवं रेलवे स्टेशन में सार्वजनिक स्थानों पर की जा रहे हैं। मोहन लता व्याख्याता डाईट सीकर द्वारा वेस्ट ऑफ बेस्ट के बारे में विस्तार से बालक एवं बालिकाओं इको क्लब सदस्यों स्काउट गाइड सदस्यों को जानकारी प्रदान की और अधिक से अधिक बेकार सामठाी से अच्छी सामठाी बनाने के बारे में बताया। पर्यावरण सप्ताह के बारे में बसंत कुमार लाटा सीओ स्काउट सीकर ने विस्तार से जानकारी प्रदान की। दिनेश पुरोहित प्रधानाचार्य ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए देश के प्रत्येक व्यक्ति को आगे आना होगा तभी हमारे देश का पर्यावरण सुरक्षित रहेगा।

### सैनिकों का स्वयं सेवक के तौर पर पंजीकरण

**सीकर ।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सीकर कर्नल विजेन्द्र सिंह महला ने बताया कि महानिदेशक अग्निशमन सेवा नागरिक रक्षा और गृह रक्षक, एमएचए नई दिल्ली के ऑनलाईन पोर्टल...और मोबाईल एप पर इच्छुक भूतपूर्व सैनिक स्वयं सेवक के रूप में नियुक्ति के लिए पंजीकरण करवा सकते हैं और ऑनलाईन पंजीकरण की हार्ड कॉपी जिला सैनिक कल्याण कार्यालय सीकर में जमा करवा सकते हैं। पंजीकरण के उपरान्त संबंधित विभाग द्वारा आवश्यकतानुसार भूतपूर्व सैनिकों को स्वयं सेवक के तौर पर नियुक्त किया जाएगा ।

### पूर्व सैनिक व वीरागंनाओं की समस्या समाधान शिविर 4 को

**सीकर 2।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सीकर कर्नल विजेन्द्र सिंह महला ने बताया कि पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों की समस्याओं के समाधान के लिए शिविर का आयोजन 4 जून 2025 को प्रातः 10.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक शेखावाटी स्कूल लोसल में किया जाएगा। शिविर में पेंशन से संबंधित समस्याओं का समाधान ईसीएचएस, सीएसडी कार्ड, सहायता सेवा निवृत योजनाओं की जानकरी, बच्चों की शिक्षा, नौकरी, भर्ती मार्गदर्शन व पीपीओ संबंधित समस्याओं का समाधान (नाम में संशोधन, नाम जुड़वाना) स्पर्श पोर्टल संबंधित समस्याओं का समाधान किया जायेगा।

### तोदी महाविद्यालय के विधार्थियों ने वृक्षारोपण किया

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी ।**स्थानीय श्री भगवानदास तोदी महाविद्यालय में आज भूगोल विभाग के विद्यार्थियों द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया इस अवसर पर विद्यार्थियों ने तोदी महाविद्यालय के बगीचे में फलों के पेड़ लगाएं। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रबंध समिति के सचिव आशकरण शर्मा, प्राचार्य डॉ एन एस नाथावत एवं विभागाध्यक्ष डॉ मनीषा शर्मा एवं डॉ नरेश कुमार वर्मा उपस्थित थे। सचिव एवं प्राचार्य द्वारा वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डाला गया तथा उपस्थित सभी विद्यार्थी को वृक्षारोपण करने एवं उसके संरक्षण तथा सार संभाल की जिम्मेदारी का निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया। डॉ मनीषा शर्मा द्वारा जलवायु परिवर्तन एवं बढ़ते भूमंडलीय तापमान को कम करने के लिए वृक्षारोपण कार्यक्रम करना आवश्यक बताया गया । वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान भूगोल के सोनिका जांगिड़, बाबू सिंह, प्रियंका कुमारी, अनिता कुमारी, गुंजन सैनी, आशीष देव, पंकज नायक, ममता कंवर एवं कंचन कुमावत आदि विद्यार्थियों ने वृक्षारोपण कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

### तापमान में गिरावट

**सीकर ।** कृषि अनुसंधान केंद्र फतेहपुर पर आज सुबह न्यूनतम तापमान में करीब 4 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। आज यहां न्यूनतम तापमान 25.5 डिठाी रहा। इससे पहले रविवार को यहां पर न्यूनतम तापमान 29.5 और अधिकतम तापमान 38.5 डिग्री रहा था। रविवार को बादलों की आवाजाही के बीच सीकर में पूरे दिन उमस रही थी। मौसम एक्सपर्ट्स के मुताबिक प्रदेश के मौसम में नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होने के चलते ज्यादातर इलाकों में आंधी चलने और बारिश होने की संभावना है। सीकर में भी 5 जून तक 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज आंधी चलने और बारिश होने की संभावना है। बारिश के चलते लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी। प्रदेश के समस्त इलाकों में दोपहर में तापमान भी 45 डिग्री से कम रहेगा। वहीं जयपुर मौसम केंद्र के द्वारा आज सीकर में बारिश होने के साथ 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज आंधी चलने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इसके बाद यहां 3 से 5 जून तक 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे के रफ्तार से तेज आंधी चलने और बारिश होने का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

### 'शिवपुराण पुस्तक नहीं, प्राण तत्व'

**कानोड़, (निसं)।** नगर की नृसिंह वाटिका में चौबीसा समाज द्वारा आयोजित शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के निमित्त शिव पुराण कथा के प्रथम दिन श्रोताओं को सम्बोधित करते हुए कथावाचक धर्मेंद्र शास्त्री माराज ने कहा कि आप ओर हम लोग भाग्यशाली है कि हमें शिव कथा श्रवण का लाभ मिल रहा है यह कथा सौभाग्यशाली ही सुन पाते है, इसके लिए रीता होकर आना अनिवार्य है ,अहंकार जनित व्यक्ति को शिव पुराण कथा श्रवण का लाभ नहीं मिलता। शास्त्री ने कहा कि शिव पुराण केवल पुस्तक नहीं है यह जीवन का सार रूप प्राण तत्व है।

### फॉर्च्यून कंप्यूटर को मिला टॉपर अवार्ड

**भीम, (निसं)।** फॉर्च्यून कंप्यूटर भीम ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए राजस्थान के सर्वश्रेष्ठ 130 कंप्यूटर ज्ञान केंद्र (आईटी ज्ञान केंद्र) में अपना स्थान सुनिश्चित किया है।